# 20 Memorials/Places named after Sardar Vallabhbhai Patel (1948 to 2024)

यह रिपोर्ट वर्ष **1948 से 2024 के बीच की 20 प्रमुख घटनाओं** का संकलन प्रस्तुत करती है, जिनमें लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में किए गए **नामकरणों को शामिल किया गया है**। इसमें उनके सम्मान में स्थापित स्मारक एवं प्रतिमाएँ, शैक्षणिक संस्थान, चिकित्सा संस्थान तथा अन्य सार्वजनिक सुविधाओं का विवरण सम्मिलित है, जो राष्ट्र निर्माण में उनके विशिष्ट योगदान को स्मरण कराते है।

31 अक्टूबर, 2025 को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती 'सरदार@150' थीम के तहत देशव्यापी उत्साह से मनाई जाएगी। उत्तर प्रदेश में भाजपा के नेतृत्व में 'रन फॉर यूनिटी' और 'एकता पदयात्रा' जैसे कार्यक्रम होंगे, जबकि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की कल्पना पर जोर देंगे।

| क्रमांक | दिनांक / विवरण | चित्र / स्रोत |
|---|---|---|
| | **स्मारक और प्रतिमाएँ** | |
| 1) | **सरदार वल्लभभाई पटेल की 6 फीट लंबी प्रतिमा का अनावरण**<br><br>**दिनांक(वर्ष) :** 2024<br>**स्थान :** ललितपुर, उत्तर प्रदेश<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : पीतल की प्रतिमा**<br><br>**विवरण :** ललितपुर के घंटाघर में, झांसी-ललितपुर के सांसद अनुराग शर्मा द्वारा जिला पंचायत की भूमि पर भारत रत्न, लौह पुरुष **सरदार वल्लभभाई पटेल** की **6 फीट लंबी** और **4 क्विंटल वजनी** पीतल की **प्रतिमा** का अनावरण किया गया। | <br>Dainik Bhaskar |
| 2) | **गोंडा में सरदार पटेल की पहली प्रतिमा का अनावरण**<br><br>**दिनांक(वर्ष) :** 2021<br>**स्थान :** गोंडा, उत्तर प्रदेश<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : स्मारक, प्रतिमा**<br><br>**विवरण :** गोंडा में राष्ट्रीय एकता और अखंडता दिवस के अवसर पर सरदार पटेल सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा **सरदार वल्लभभाई पटेल** की **पहली प्रतिमा** का अनावरण किया गया।<br><br>● प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर बच्चों ने सामूहिक गीत प्रस्तुत किया और उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय गान गाया। ट्रस्ट ने सरदार पटेल के योगदान को भगवान राम के इतिहास से जोड़ते हुए बताया कि जैसे राम ने छोटे-छोटे सहयोगियों के साथ अधर्मी रावण का वध कर सीता माता को मुक्त कराया, उसी प्रकार सरदार पटेल ने रियासतों को मिलाकर अखंड भारत की स्थापना की। | <br>Dainik Bhaskar |

| | | |
|---|---|---|
| 3) | **राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण**<br><br>**दिनांक(वर्ष)** : 31 अक्टूबर, 2018<br>**स्थान** :  नर्मदा, गुजरात<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : स्मारक (विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा)**<br><br>**विवरण** : प्रधानमंत्री ने 31 अक्टूबर 2018 को **सरदार वल्लभभाई पटेल** की 182 मीटर ऊँची प्रतिमा **"स्टैच्यू ऑफ यूनिटी"** का भव्य अनावरण किया। यह प्रतिमा सरदार पटेल की 143वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्र को समर्पित की गई, जो भारत की एकता, अखंडता और संकल्प शक्ति का विराट प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह प्रतिमा उन ऐतिहासिक प्रयासों की याद दिलाती है, जिन्होंने भारत को विखंडन से बचाकर एक सशक्त और एकजुट राष्ट्र के रूप में स्थापित किया।<br><br>● इस भव्य प्रतिमा के निर्माण में 70,000 टन सीमेंट, 18,500 टन उच्च-गुणवत्ता वाला स्टील, 6,000 टन संरचनात्मक स्टील और 1,700 टन कांस्य का उपयोग किया गया है। | <br><br>Indiatv<br>NavBharatTimes |
| 4) | **सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक राष्ट्रीय एकता और इतिहास का सजीव प्रतीक**<br><br>**दिनांक(वर्ष)** : 31 अक्टूबर<br>**स्थान** : शाही बाग, अहमदाबाद, गुजरात<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : राष्ट्रीय स्मारक एवं संग्रहालय**<br><br>**विवरण** : अहमदाबाद में **'मोती महल'** नामक भव्य इमारत में स्थापित सरदार पटेल राष्ट्रीय स्मारक उनके जीवन, संघर्ष और राष्ट्र-निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण कराता है। स्मारक के सेंट्रल हॉल में सरदार पटेल, उनके परिवार, स्वतंत्रता आंदोलन के साथी नेताओं तथा रियासतों के एकीकरण के ऐतिहासिक कालखंड से जुड़े दुर्लभ छायाचित्र और दस्तावेज़ संजोए गए है।<br><br>● महल के सामने सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापित है और भीतर उनकी चप्पल सहित अनेक व्यक्तिगत वस्तुएँ सुरक्षित रूप से संरक्षित है। परिसर में सरदार ओपन एयर थिएटर में स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता पर आधारित दस्तावेजी चलचित्र नियमित रूप से प्रदर्शित किए जाते है। | <br><br>TripXL<br>Dainik Bhaskar |
| 5) | **नाडियाद, करमसद  में सरदार पटेल स्मारक का उद्घाटन**<br><br>**दिनांक(वर्ष)** : 31 अक्टूबर, 2014<br>**स्थान** : करमसद, नाडियाद, गुजरात<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : स्मारक, संग्रहालय और पुस्तकालय**<br><br>**विवरण** : सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर, 31 अक्टूबर 2014 को उनके पैतृक गाँव करमसद में उस प्राथमिक विद्यालय को स्मारक में परिवर्तित किया गया जहाँ उन्होंने 1882 से 1888 तक शिक्षा प्राप्त की थी। 'सरदार स्मृति शाला' स्मारक का जीर्णोद्धार 1.20 करोड़ रुपये की लागत से किया गया।<br><br>● स्मारक में एक प्रदर्शनी गैलरी, सरदार पटेल और स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित साहित्य से युक्त पुस्तकालय, तथा बच्चों के लिए शिशुगृह शामिल है। प्रदर्शनी दीर्घा में प्राथमिक विद्यालय की उपस्थिति पुस्तिका, पटेल का सामान्य पंजीकरण क्रमांक 424, | <br><br>EconomicTimes |

| | | |
|---|---|---|
| | और उनके स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र की प्रतियाँ प्रदर्शित की गई है। | |
| 6) | **सरदार वल्लभभाई पटेल संग्रहालय का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व**<br><br>**दिनांक(वर्ष)** : 1890/ पुनर्स्थापन 2009<br>**स्थान** : सूरत, गुजरात<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : संग्रहालय (बहुउद्देश्यीय प्रदर्शन केंद्र)**<br><br>**विवरण** : सूरत का सरदार पटेल संग्रहालय एक प्रमुख सांस्कृतिक और ऐतिहासिक केंद्र है। विज्ञान केंद्र की स्थापना 1890 में सूरत के तत्कालीन कलेक्टर, श्री विनचेस्टर द्वारा की गई थी। 1957 में इस संग्रहालय का नाम बदलकर **भारत के लौह पुरुष, सरदार वल्लभभाई पटेल** के सम्मान में रखा गया। 2009 में, विभिन्न संरक्षकों के उदार दान और उपहारों की मदद से इसे पुनःविज्ञान केंद्र में स्थानांतरित किया गया।<br><br>● संग्रहालय में स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े दुर्लभ दस्तावेज़, छायाचित्र और कलाकृतियाँ संजोई गई हैं। सरदार ओपन एयर थिएटर में स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता पर आधारित दस्तावेजी चलचित्र भी प्रदर्शित किए जाते है। | <br><br>[Travelsetu](#)<br>[MuseumsOfIndia](#) |
| | **शैक्षणिक संस्थान** | |
| 7) | **गांधीनगर में आधुनिक प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान SPIPA का शुभारंभ**<br><br>**दिनांक(वर्ष)** : 2024<br>**स्थान** : गांधीनगर, गुजरात<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान**<br><br>**विवरण** : गुजरात के मुख्यमंत्री ने 'विकास सप्ताह' के अवसर पर **सरदार पटेल लोक प्रशासन संस्थान** (SPIPA) के गांधीनगर परिसर का उद्घाटन किया। 7,563 वर्ग मीटर क्षेत्र में 36 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित यह परिसर राज्य में प्रशासनिक प्रशिक्षण को सशक्त बनाने और सरकारी कर्मचारियों को 'कर्मयोगी' बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सरकारी कर्मचारियों में जनहित के कार्यों के प्रति संवेदनशीलता जागृत कर उन्हें कर्मयोगी बनाया है। | <br><br>[News24](#)<br>[IndianExpress](#) |
| 8) | **हिमाचल प्रदेश में सरदार पटेल विश्वविद्यालय का विधिवत लोकार्पण**<br><br>**दिनांक(वर्ष)** : 28 जून, 2022<br>**स्थान** : मंडी, हिमाचल प्रदेश<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : शैक्षणिक संस्थान (विश्वविद्यालय)**<br><br>**विवरण** : हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मंडी में सरदार पटेल विश्वविद्यालय का विधिवत लोकार्पण किया। इस राज्य विश्वविद्यालय के अंतर्गत मंडी, कांगड़ा, चंबा, लाहौल-स्पीति और | <br> |

| | | |
|---|---|---|
| | कुल्लू जिलों के 141 से अधिक सरकारी तथा निजी महाविद्यालय शामिल है।<br><br>● मुख्यमंत्री ने उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय का नाम भारत के लौह पुरुष, सरदार वल्लभभाई पटेल, के नाम पर रखने के महत्व को बताया। यह उनके द्वारा रियासतों के एकीकरण और अखंड भारत के निर्माण में योगदान के सम्मान में किया गया है। | TheStatesMan<br>SunPost |
| 9) | **दिल्ली, रोहिणी में सरदार पटेल के नाम पर सामुदायिक भवनों का उद्घाटन**<br><br>**दिनांक(वर्ष)** : 31 अक्टूबर, 2022<br>**स्थान** : रोहिणी, दिल्ली<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : सामुदायिक भवन (सामाजिक-सांस्कृतिक उपयोग हेतु)**<br><br>**विवरण** : दिल्ली में उपराज्यपाल द्वारा रोहिणी सेक्टर-18 और सेक्टर-19 में दिल्ली विकास प्राधिकरण (DDA) द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर उनके नाम से समर्पित दो **सामुदायिक भवनों** का उद्घाटन किया गया।<br><br>● लगभग 11.30 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ये भवन स्थानीय नागरिकों को सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा पारिवारिक कार्यक्रमों, जैसे विवाह आदि, के आयोजन हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे। इन सामुदायिक परिसरों में पुस्तकालय, व्यायामशाला, वरिष्ठ नागरिक कक्ष, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, पार्टी हॉल, लिफ्ट और पार्किंग जैसी सुविधाएँ भी विकसित की गयी। | <br>x.com<br>NewsToday |
| 10) | **सरदार वल्लभभाई इंटरनेशनल स्कूल ऑफ टेक्सटाइल एंड मैनेजमेंट, कोयंबटूर**<br><br>**दिनांक(वर्ष)** : 2002<br>**स्थान** : कोयंबटूर, तमिलनाडु<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : शैक्षणिक संस्थान**<br><br>**विवरण** : सरदार वल्लभभाई इंटरनेशनल स्कूल ऑफ टेक्सटाइल एंड मैनेजमेंट (SVPITM) की स्थापना 24 दिसंबर 2002 को भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के अंतर्गत की गई। यह संस्थान वस्त्र, परिधान और खुदरा प्रबंधन में विशिष्ट शिक्षा प्रदान करता है और एआईसीटीई (AICTE) द्वारा अनुमोदित तथा यूजीसी (UGC) द्वारा मान्यता प्राप्त है। संस्थान बीबीए (BBA), बी.एससी. (B.Sc.) और एमबीए (MBA) जैसे स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रदान करता है।<br><br>● संस्थान में टेक्सटाइल बिज़नेस एनालिटिक्स, टेक्सटाइल डिज़ाइन, कपड़ा और परिधान डिजाइनिंग, अपैरल मैनेजमेंट, रिटेल मैनेजमेंट, टेक्निकल टेक्सटाइल मैनेजमेंट और टेक्सटाइल मैनेजमेंट जैसे विशेषज्ञ पाठ्यक्रम उपलब्ध है। | <br>ReviewAdda |
| 11) | **सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ**<br><br>**दिनांक(वर्ष)** : 2 अक्टूबर, 2000<br>**स्थान** : मेरठ, उत्तर प्रदेश<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : शैक्षणिक संस्थान (कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय)**<br><br>**विवरण** : सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना 2 अक्टूबर 2000 को उत्तर प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम (संशोधित) 1958 के तहत की गई थी और इसे 21वीं सदी का पहला कृषि विश्वविद्यालय होने का गौरव प्राप्त है। यह विश्वविद्यालय | <br>AmarUjala |

| | | |
|---|---|---|
| | कृषि, पशु चिकित्सा, प्रौद्योगिकी और विज्ञान सहित विभिन्न विषयों में स्नातक (UG) और स्नातकोत्तर (PG) पाठ्यक्रम प्रदान करता है।<br><br>● विश्वविद्यालय परिसर में आधुनिक शैक्षणिक और अनुसंधान सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जो छात्रों को गुणवत्ता शिक्षा और ग्रामीण विकास में सक्रिय योगदान के अवसर प्रदान करती है। | EtvBharat |
| 12) | **सरदार पटेल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, मुंबई**<br><br>**दिनांक(वर्ष)** : 1962<br>**स्थान** : मुंबई, महाराष्ट्र<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : शैक्षणिक संस्थान (इंजीनियरिंग कॉलेज)**<br><br>विवरण : सरदार पटेल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (SPCE) की स्थापना 1961 में डॉ. के.एम. मुंशी द्वारा की गई थी और इसका उद्घाटन 1962 में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री ने किया। यह एक सरकारी सहायता प्राप्त, स्वायत्त इंजीनियरिंग कॉलेज है, जो स्नातक तथा स्नातकोत्तर इंजीनियरिंग डिग्रियाँ प्रदान करता है।<br><br>● कॉलेज की शुरुआत सिविल, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक (B.Tech) कार्यक्रम से हुई थी। वर्तमान में कॉलेज में एम.टेक. कार्यक्रमों में थर्मल इंजीनियरिंग, पावर सिस्टम और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीन डिज़ाइन, स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग और कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट शामिल है। | <br>Microtec |
| 13) | **सरदार वल्लभभाई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान सूरत का उद्घाटन**<br><br>**दिनांक(वर्ष)** : 1961<br>**स्थान** : सूरत, गुजरात<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : शैक्षणिक संस्थान (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान)**<br><br>**विवरण** : सरदार वल्लभभाई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना जून 1961 में सिविल, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विषयों में स्नातक डिग्री कार्यक्रम चलाने की सुविधाओं के साथ की गई थी। अब इसे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) में परिवर्तित कर दिया गया है। संस्थान में केंद्रीय पुस्तकालय, कंप्यूटर केंद्र, उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ, सतत शिक्षा केंद्र और शारीरिक शिक्षा अनुभाग जैसे केंद्र स्थापित हैं। इसमें तीन स्नातकोत्तर केंद्र और एक सक्रिय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग भी है।<br><br>● संस्थान में पचास प्रतिशत सीटें गुजरात के छात्रों के लिए और पचास प्रतिशत अन्य राज्यों के छात्रों के लिए आरक्षित हैं, साथ ही विदेशी छात्रों को भी प्रवेश दिया जाता है। परिसर में सात छात्रावास, खेल का मैदान, कैंटीन, औषधालय, अतिथि गृह और बैंक शाखा उपलब्ध हैं। संस्थान अपने छात्रों को भारत और विदेश की प्रमुख कंपनियों में कैम्पस प्लेसमेंट की सुविधा प्रदान करता है। | <br><br>GuidanceForever<br>EasyShiksha |
| 14) | **सरदार पटेल प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई**<br><br>**दिनांक(वर्ष)** : 1995<br>**स्थान** : मुंबई, महाराष्ट्र | |

| | | |
|---|---|---|
| | **इंफ्रास्ट्रक्चर : शैक्षणिक संस्थान (निजी इंजीनियरिंग कॉलेज)**<br><br>**विवरण :** सरदार पटेल प्रौद्योगिकी संस्थान (SPIT), मुंबई, एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज है, जो भारतीय विद्या भवन का हिस्सा है और मुंबई विश्वविद्यालय से संबद्ध एक स्वायत्त, गैर-सहायता प्राप्त संस्थान है। इसकी स्थापना 1995 में हुई थी और यह अपनी अकादमिक गुणवत्ता तथा भविष्य-उन्मुख शिक्षण के लिए जाना जाता है।<br><br>● संस्थान को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) द्वारा अनुमोदित किया गया है और इसे राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (NAAC) तथा राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (NBA) द्वारा मान्यता प्राप्त है। SPIT विभिन्न इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान करते हुए बी.टेक कार्यक्रम संचालित करता है। | <br>Thecsrjournal |
| 15) | **सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभ विद्यानगर**<br><br>**दिनांक(वर्ष) :** 1955<br>**स्थान :** गुजरात<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : शैक्षणिक संस्थान**<br><br>**विवरण :**सरदार पटेल विश्वविद्यालय की स्थापना अक्टूबर 1955 में हुई थी और इसे भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री, सरदार वल्लभभाई पटेल के सम्मान में नामित किया गया। यह विश्वविद्यालय गुजरात के आनंद और खेड़ा जिलों में फैले अपने 27 विभागों और 116 संबद्ध कॉलेजों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करता है। विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपलब्ध है, और यह क्षेत्रीय शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक विकास में सक्रिय योगदान देता है। | <br>TimesOfIndia |
| 16) | **सरदार वल्लभभाई राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद**<br><br>**दिनांक(वर्ष) :** 1948<br>**स्थान :** हैदराबाद, तेलंगाना<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थान (राष्ट्रीय पुलिस अकादमी)**<br><br>**विवरण :** सरदार वल्लभभाई राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (SVPNPA) भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के अधिकारियों के लिए सर्वोच्च प्रशिक्षण संस्थान है। इसकी स्थापना मूल रूप से माउंट आबू, राजस्थान में हुई थी, लेकिन बाद में इसे हैदराबाद, तेलंगाना में स्थानांतरित कर दिया गया। यह अकादमी अखिल भारतीय सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से चयनित आईपीएस अधिकारियों को नेतृत्व, प्रशासन, कानून और पुलिसिंग के आधुनिक प्रशिक्षण प्रदान करती है। | <br>NPG.News |
| | **चिकित्सा संस्थान** | |
| 17) | **सरदार वल्लभभाई पटेल अस्पताल, दिल्ली**<br><br>**दिनांक(वर्ष) :** 2024<br>**स्थान :** पूर्वी पटेल नगर, दिल्ली<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान (अस्पताल)** | |

| | | |
|---|---|---|
| | **विवरण** : सरदार वल्लभभाई पटेल अस्पताल, दिल्ली का एक प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान है, जो रोगियों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करता है। इसे एमसीडी से दिल्ली सरकार के अधीन स्थानांतरित करने के बाद 50 बिस्तरों की क्षमता के साथ माध्यमिक स्तर की स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया। अस्पताल रोगी देखभाल, चिकित्सा शिक्षा और सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। | <br>[Skyproperties] |
| 18) | **सरदार वल्लभभाई पटेल अस्पताल, मेरठ**<br><br>**दिनांक(वर्ष)** : 2022<br>**स्थान** : मेरठ, उत्तर प्रदेश<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान एवं मेडिकल कॉलेज**<br><br>**विवरण** : सरदार वल्लभभाई पटेल अस्पताल, मेरठ एक प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य संस्थान है, जहाँ विभिन्न प्रमुख चिकित्सा विभागों के अंतर्गत बाह्य रोगी सेवाएँ (OPD) और उपचार सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यहाँ सामान्य चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, हड्डी रोग, ईएनटी, नेत्र विज्ञान, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल चिकित्सा, त्वचा रोग तथा दंत चिकित्सा सहित अनेक विशिष्ट विभाग संचालित हैं।<br><br>● अस्पताल के रेडियोथेरेपी विभाग में कैंसर रोगियों के लिए कोबाल्ट-60 द्वारा सिकाई (रेडियोथेरेपी) सुविधा का पुनःआरंभ किया गया है, जिससे क्षेत्र के कैंसर रोगियों को उपचार में महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। | <br>[Newstrack] |
| 19) | **सरदार वल्लभभाई पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च, अहमदाबाद**<br><br>**दिनांक(वर्ष)** : 2019<br>**स्थान** : अहमदाबाद, गुजरात<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल**<br><br>**विवरण** :प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में अत्याधुनिक, आयुष्मान भारत योजना से जुड़ा सरदार वल्लभभाई अस्पताल का उद्घाटन किया। यह 18 मंज़िला, 1600 बेड और हैलीपैड सहित आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और 750 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया गया है। इस अस्पताल का उद्देश्य गरीब और आम नागरिकों को महंगे अस्पतालों जैसी विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ किफायती दरों पर प्रदान करना है। | <br>[News18] |
| 20) | **अंकलेश्वर, सरदार वल्लभभाई पटेल हृदय संस्थान का उद्घाटन**<br><br>**दिनांक(वर्ष)** : 23 अक्टूबर, 2016<br>**स्थान** : अंकलेश्वर, गुजरात<br>**इंफ्रास्ट्रक्चर : बहु-विशिष्ट हृदय संस्थान**<br><br>**विवरण** : गुजरात के अंकलेश्वर में राष्ट्रपति ने **23 अक्टूबर 2016** को **सरदार वल्लभभाई पटेल हृदय संस्थान** का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि बहु-विशिष्ट हृदय संस्थान का उद्घाटन उनके लिए अत्यंत प्रसन्नता का विषय है। संस्थान आधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को क्षेत्रीय जनता तक पहुँचाने और समतामूलक स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के | <br>[Prokerala] |

| | | |
|---|---|---|
| | उद्देश्य से स्थापित किया गया है। उन्होंने अस्पतालों से जुड़े सभी कर्मचारियों और पदाधिकारियों की सराहना की और समर्पित स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। | Business-Standard |